जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा
(परीक्षा विभाग)

प्रेषक–

प्रो0 अनिल कुमार सिंह
परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

सेवा में,

प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य/प्राचार्या
सभी अंगीभूत एवं संम्बद्ध महाविद्यालय,
छपरा/सीवान/गोपालगंज।

विषय :– स्नातक प्रथम खण्ड (2020-23) परीक्षा 2021 के परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क विश्वविद्यालय में स्वीकार करने के संबंध में।

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषयक निदेशानुसार सूचित करना है कि स्नातक प्रथम खण्ड (2020–23) प्रतिष्ठा/ सामान्य/ व्यवसायिक परीक्षा 2021 के परीक्षा प्रपत्र शुल्क के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में निम्नरूपेण तिथि तक स्वीकार किये जाऐंगे।

विद्यार्थीयों के लिए परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क महाविद्यालय में जमा करने की तिथि		09.06.2022 से 20.06.2022 तक
1.	परीक्षा शुल्क के मद में प्रतिष्ठा हेतु निर्धारित शुल्क(225+120+50+25)	420/–रू मात्र
2.	परीक्षा शुल्क के मद में सामान्य हेतु निर्धारित शुल्क(200+120+50+25)	395/–रू मात्र
3.	महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा प्रपत्रों को समेकित सूची .एवं सी0डी0के साथ विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि :	21.06.2022

महत्वपूर्ण निर्देश :–

परीक्षा प्रपत्र के साथ इन्टर उर्तीण परीक्षा के अंक–पत्र, प्रवेश–पत्र, विश्वविद्यालय पंजीयन प्रमाण–पत्र आदि कागजात की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करना अति आवश्यक है। प्रथम खण्ड में प्रोमेटेड छात्र प्रतिष्ठा एवं अनुपूरक बिषय के अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्वीकृत सीट पर पंजीकृत छात्रों सामान्य एवं व्यवसायिक बिषय के अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पंजीकृत छात्रों के परीक्षा प्रपत्र भरे जाने है। परीक्षा प्रपत्र में किसी भी समय किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर परीक्षा प्रपत्र रद्द किये जायेगें।

छात्र परीक्षा प्रपत्र को वेबसाईट jpvadmission.org पर **online** भरकर उसकी प्रिंट कॉपी के साथ संबंधित कागजातों को संलग्न कर महाविद्यालय में सत्यापित कराकर जमा करेगें। परीक्षा मण्डल के निर्णयानुसार पंजीकृत छात्रों की परीक्षा प्रपत्र भरने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। विना पंजीकृत छात्रों के परीक्षा प्रपत्र यदि सत्यापित या अग्रसारित की जाती है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्राचार्य एवं सत्यापन पदाधिकारी की होगी। परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण के पूर्व प्राचार्य अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अपने स्तर से आश्वस्त हो लें कि परीक्षा प्रपत्र की सभी प्रविष्टियॉं सही–सही भरी हों। परीक्षा प्रपत्र को संकायवार छात्रो की समेकित सूची दो प्रतियों में क्रमांकवार एव **online form No.** विषयवार कम्पयुटराईज्ड तथा Excel Format में Pen Drive में भेजा जाना आवश्यक है।

परीक्षा शुल्क स्थानीय एवं वाह्य सभी महाविद्यलाय, जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा विश्वविद्यालय परीक्षा खाता संख्या 3113333442(IFSC:CBIN0283917, A/c Name – JAI PRAKASH UNIVERSITY EXAMINATION FUND) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (माला मिर्जा टुकरा विश्वविद्यालय,कैम्पस) छपरा में RTGS के माध्यम से **कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा** के नाम स्वीकार किये जायेगें। त्रुटिपुर्ण परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण की स्थिति में संबंधित प्राचार्य की जवाबदेही होगी।

नोट : स्नातक प्रथम खण्ड परीक्षा 2020 मे अनुतीर्ण एवं प्रमोटेड छात्रो के लिए परीक्षा प्रपत्र भरने कि तिथि का निर्धारण बाद मे किया जाएगा। परीक्षा प्रपत्र **online** भरकर उसकी प्रिन्टआउट सबंधित महाविद्यालय में जमा करने के उपरान्त विधार्थी उसकी एक प्रति प्रिन्टआउट कॉपी मूलप्रति/छायाप्रति **online form No.** भविष्य मे संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार
ह0/–
(प्रो.अनिल कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक :C/009056
प्रतिलिपि :–

दिनांक : 09/06/2022

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण पदाधिकारी/जन सम्पर्क पदाधिकारी/वित्त परामर्शी /वित्त पदाधिकारी/प्रसाखा पदाधिकारी एवं सहायक,पंजीयन शाखा/ भंडारपाल/परीक्षा सहायक/वेबसाईट सहायक/कुलपति/प्रति–कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/6/22

परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

UHSS 9/6/22

09/06/2022